प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 14.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- **राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची में झारखंड पुलिस ड्यूटी मीट का किया उद्घाटन, पुलिसकर्मियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए किया प्रेरित।**
- **झारखंड पुलिस ने इस वर्ष नक्सलियों, साइबर अपराधियों और विभिन्न अपराधों के खिलाफ की व्यापक कार्रवाई, बड़ी मात्रा में हथियार, नकदी और अवैध सामान किए जब्त।**
- **भाजपा नेताओं ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में लिया भाग, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने पलामू में और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हजारीबाग में लोकल उत्पादों का उपयोग करने की अपील की।**
- **झारखंड हाईकोर्ट ने स्थानीय निकाय चुनाव मामले में राज्य सरकार की सील्ड कवर रिपोर्ट लौटाई, अगली सुनवाई 10 नवंबर को होगी।**
- **राज्य से दक्षिणी मानसून की विदाई, ठंड ने दी दस्तक, मौसम विभाग ने कल कई जिलों में आंशिक बादल छाए रहने की जताई संभावना।**

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के डोरंडा स्थित जैप वन ग्राउंड में झारखंड राज्य पुलिस ड्यूटी मीट का उद्घाटन किया और पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा कि ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट में बेहतर प्रदर्शन के लिए झारखंड पुलिस पूरी तैयारी कर रही है, जबकि सीआईडी के आईजी मनोज कौशिक ने अनुसंधान और साइबर अपराध से जुड़े नए आयामों पर प्रशिक्षण का विवरण दिया।

****

झारखण्ड पुलिस ने इस वर्ष नक्सल, साइबर अपराध और विभिन्न अपराधों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की। पुलिस महानिरीक्षक अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एस माइकल राज ने पुलिस कार्रवाई से संबंधित बिन्दुओं की जानकारी मीडिया को देते हुए बताया कि इस अवधि में 266 नक्सली गिरफ्तार किए गए, 32 मुठभेड़ में मारे गए, 157 हथियार बरामद किए गए और 30 नक्सली आत्मसमर्पण किए। इस वर्ष अगस्त और सितंबर में साइबर अपराध में 128 कांड दर्ज किए गए, 105 अपराधियों को गिरफ्तार कर मोबाइल, सिम कार्ड, बैंक पासबुक और 2 लाख 81 हजार रुपये बरामद किए गए। इसके अलावा राज्य भर में 4,186 गिरफ्तारियां, 12,651 वारंट निष्पादन और अवैध शराब, गांजा, जाली नोट, सोना–चांदी सहित अन्य अवैध सामग्री बरामद की गई।

****

आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत हजारीबाग विधानसभा सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने लोगों से लोकल उत्पादों का उपयोग करने और दीपावली में कुम्हारों द्वारा बने दीपक खरीदने का आह्वान किया। उन्होंने स्वराज के चार मंत्र–स्वधर्म, स्वभाषा, स्वदेशी और स्वशासन–को अपनाने की सलाह दी और साथ ही पेसा कानून लागू नहीं करने पर सरकार पर सवाल खड़े किए ।

****

इधर डाल्टेनगंज में "आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान" के तहत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में भाग लेने पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा पलामू पहुंचे। इस अवसर पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की नई परिभाषा गढ़ रहा है और 'हर घर स्वदेशी' का मंत्र अपनाकर देश को सशक्त बनाना होगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित और पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से पूरा देश लाभान्वित हो रहा है। आज पेश है– जम्मू–कश्मीर में विभिन्न उद्योगों को सशक्त बनाने के बारे में एक रिपोर्ट–

****

झारखंड उच्च न्यायालय में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर दायर अवमानना याचिका की सुनवाई हुई, जिसमें राज्य सरकार की ओर से पेश सील्ड कवर रिपोर्ट बिना खोले वापस कर दी गई। राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और नगर विकास सचिव को कैबिनेट बैठक के कारण अगली सुनवाई तक उपस्थित होने की अनुमति दी गई है। अदालत ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए 10 नवंबर की तारीख तय की और निर्वाचन आयोग की तीन माह की मांग को अस्वीकृत किया।

****

जमशेदपुर का टेल्को यंग बॉयज क्लब इस दीपावली अपना गोल्डन जुबली मना रहा है।

****

अब कुछ संक्षिप्त खबरें–

- सरायकेला खरसावां के आदित्यपुर नगर निगम प्रशासन ने शहर में बढ़ते अवैध अतिक्रमण पर नकेल कसने के लिए आज अभियान शुरू किया । नगर निगम ने बताया कि यह अभियान पूरे नगर क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से जारी रहेगा और सभी दुकानदारों से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने की अपील की।
- हजारीबाग के बरही एसडीपीओ विमल कुमार ने बताया कि एक पति ने अपनी पत्नी की 15 लाख रुपए के बीमा राशि के लाभ के लिए योजना बनाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस की पूछताछ के बाद आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया।
- दुमका के गोपीकांदर स्थित तिलबड़िया फुटबॉल मैदान में भैंसा लड़ाई प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम का आयोजन सिदो–कान्हू क्लब तिलबड़िया द्वारा दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता के साथ किया गया था, जिसमें एफसी कालीपहाड़ी ने खिताब जीता।

****

राज्य से दक्षिणी मानसून पूरी तरह विदा हो गया है और ठंड का मौसम प्रवेश कर गया है, जिससे लोगों को सुबह की धूप में गर्मी का अनुभव हो रहा है। मौसम विभाग ने बताया कि कल से कई जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे और अधिकतम तापमान में 1–2 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान जमशेदपुर और चाईबासा में 33.8 डिग्री तथा सबसे कम लातेहार में 16.3 डिग्री दर्ज किया गया।

**********समाप्त**********